हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 26 मार्च, 2015/5 चैत्र ,1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 3

मरीजों को रैफर करना

823 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला चम्बा में वर्ष 2014 में कितने मरीजों को आई0जी0एम0सी0 शिमला और टांडा रैफर किया गया; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें;

(ख) यह सत्य है कि सरकारी अस्पताल तीसा से ज्यादातर मरीजों को एक बार देखने पर ही चम्बा या टांडा रैफर कर दिया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार तीसा अस्पताल को स्तरोन्नत करने का विचार रखती है ?

अवैध भवन

824 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने अवैध भवन हैं; इनमें से मनाली, कुल्लू व भुन्तर तहसील में कितने-कितने हैं; ब्यौरा नाम, पते सहित दें;

(ख) सरकार क्या इन के नियमितीकरण के लिए रिटेंशन पॉलिसी लाने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार क्या मनाली, कुल्लू व भुन्तर में ऐसे अवैध भवनों को नियमित करने पर भी विचार करेगी; जिनका निर्माण सरकारी भूमि पर है; ब्यौरा भवन मालिक सहित दें ?

रिक्तियां

825 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी)ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में जूनियर इंजीनियर, सर्वेयर, पम्प ऑपरेटर व फिटर के कितने-कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) ब्यौरा मण्डलशः दें ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 10 मार्च, 2015. **सचिव।**